9 तिरंगा

यही तिरंगा झंडा अपना,
तीन रंग हैं इसकी शान।
ऊँचा उड़ता रहे गगन में,
हमको है इस पर अभिमान।
केसरिया रंग इसकी शोभा,
वीरों का उत्साह बढ़ाता।
शांति मार्ग पर बढ़ते रहना,
श्वेत रंग सबको सिखलाता।

खुशहाली का रंग हरा है,
मेहनत से खुशहाली आती।
चक्र तेज गति का प्रतीक है,
गति ही मंजिल तक ले जाती।
देश का झंडा हमको प्यारा,
न्यौछावर हैं, इस पर प्राण।
इसकी रक्षा करें हमेशा,
आजादी की यह है शान।



शिक्षक संकेत : राष्ट्रीय ध्वज का महत्त्व समझाएँ। देश की आजादी की घटनाएँ सुनाएँ ।

शब्दार्थ

तिरंगा –	तीन रंग का	**उत्साह** –	उमंग
शान –	मान–मर्यादा	**श्वेत** –	सफेद
प्रतीक –	रूप	**प्रगति** –	आगे बढ़ना

अभ्यास

1. अपनी समझ से बताएँ–

(क) हमारे राष्ट्रीय झंडे का क्या नाम है और क्यों?

....

(ख) तिरंगे झंडे के तीनों रंग किन–किन चीजों से जुड़े हुए हैं ?

....

2. अपने बारे में बताएँ –

(क) आप प्राय: किस–किस दिन झंडा फहराते हैं ?

....

(ख) झंडा फहराते या बनाते समय कौन–सा रंग ऊपर रखते हैं ?

....

(ग) आपने झंडे को फहरते हुए कहाँ–कहाँ देखा है?

....

3. पाठ की बात –

(क) हमारे राष्ट्रीय झंडे में कितने रंग हैं?

....

(ख) हमारे राष्ट्रीय झंडे में जो अलग–अलग रंग है, वे किन बातों के प्रतीक हैं?

....

(ग) हमारे झंडे में जो चक्र है, वह क्या बतलाता है ?

....

4. मुझे मेरे साथी से मिलाइए –

(क) श्वेत	स्वतन्त्रता
(ख) शोभा	उमंग
(ग) चक्र	सफेद
(घ) आजादी	चक्का / पहिया
(ङ) उत्साह	सुन्दरता

5. शब्द बनाइए –

(क) अ न मा भि – ....

(ख) या रि के स – ....

(ग) खु ली हा श – ....

(घ) ह न मे त – ....

(ङ) ता ला सि ख – ....

6. मुझसे कई शब्द बनते हैं –

सि ख ला ता – ख ता

– ....

– ....

– ....

7. वाक्य में प्रयोग करें –

(क) तीन – ....

(ख) झंडा – ....

(ग) ऊँचा – ....

(घ) रंग – ....

(ङ) मेहनत – ....

(च) देश – ....

8. मिलाकर वाक्य पूरा करें -

(क) तिरंगा झंडा शान से - शांति मार्ग पर चलना सिखलाता है।

(ख) केसरिया रंग - खुशहाली का प्रतीक है।

(ग) श्वेत रंग - वीरों का उत्साह बढ़ाता है।

(घ) हरा रंग - प्रगति का प्रतीक है।

(ङ) चक्र - फहर रहा है।

9. कविता की पंक्तियाँ पूरी करें -

(क) यही .... झंडा अपना,
.... रंग है इसकी ....।

(ख) .... रंग इसकी ....
.... का .... बढ़ाता।

(ग) .... का रंग .... है,
.... से .... आती।

10. तिरंगा झंडा तीन रंगों से बना है। इन रंगों के अलावा और किन-किन रंगों के नाम आप जानते हैं? लिखिए -

रंगों के नाम -

....

....

किसी वस्तु का रंग उसकी विशेषता बतलाता है। अत: रंग 'विशेषण' के उदाहरण हैं।

11. विद्यालय में झंडा फहराने के साथ-साथ क्या कोई गीत भी गाए जाते हैं? उस गीत को लिखिए -

....

....

....

....

....